तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 9 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 खरीफ सीजन की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा...

12 अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ...


## थानखम्हरिया में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानखम्हरिया

नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित खसरा नंबर 720, पटवारी हल्का नंबर 07 की शासकीय भूमि पर लंबे समय से कुछ व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा कर खरीदी-बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में कई बार समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से शासन- प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से संबंधित भू-माफियाओं के हौसले बुलंद होने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार शासकीय भूमि पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। नगर के समीप स्थित रावण भाटा मैदान, जहां प्रतिवर्ष रावण दहन का आयोजन किया जाता है, वहां गौठान के नाम से लगभग 2 एकड़ 45 डेसिमल भूमि सुरक्षित बताई गई है। आरोप है कि उक्त भूमि पर भी भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। नागरिकों का कहना है कि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर सार्वजनिक उपयोग के साथ-साथ गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सुरक्षित भूमि भी प्रभावित हो सकती है।

### 2 एकड़ 45 डेसिमल भूमि पर कब्जा



#### निष्पक्ष जांच की मांग

इस संबंध में अनिल सिंघानिया ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा को आवेदन सौंपकर शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने एवं कथित खरीदी-बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा कलेक्टर जिला बेमेतरा को भी प्रेषित की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि भविष्य में सार्वजनिक उपयोग एवं शासकीय योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### खबर संक्षेप

#### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व "अटूट आस्था के 1000 वर्ष" कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय के लिए बेमेतरा जिले में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर से जारी निर्देशों के तहत की गई है। जानकारी के अनुसार यह राष्ट्रीय स्मरणोत्सव 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक वर्षभर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके साथ ही देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सहभागिता से विविध सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत जिला पंचायत बेमेतरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रेमलता पद्माकर को जिले का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

#### किसानों के साथ अत्याचार कर रही है भाजपा : छाबड़ा

**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने राज्य की भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि किसान विरोधी भाजपा सरकार अब छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ अत्याचार करने पर तुल गई है भाजपा सरकार द्वारा पूर्व में सुनियोजित तरीके से धान खरीदना ना पड़े इसके लिए तरह-तरह के रोडे अटकाए गए फिर भी काम नहीं चला तो अब सरकार धान का उत्पादन ही ना हो सके इसलिए एक नया फरमान लेकर आई है सहकारी समिति के माध्यम से कृषकों को प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया यह प्रदान करने तथा उर्वरक विक्रय हेतु पी ओ एस मशीन के अनिवार्यता लागू करने तथा कृषक द्वारा एक माह में प्राप्त की जाने वाली अधिकतम मात्रा के संबंध में भी जो प्रावधान किया है वह किसानों के ऊपर कुठाराघात है भाजपा सरकार आज अपनी जिम्मेदारियां से बचना चाहती है और इसके लिए वह तरह-तरह के षड्यंत्र कर रही है अगर किसानों को उर्वरक और यूरिया की पहुंच ही नहीं हो पाएगी तो निश्चित रूप से इसका प्रभाव खेतों में पैदा होने वाली उपज पर पड़ेगा उत्पादन गिरेगा।

#### ऑनलाइन सट्टा में दो आरोपियों ने किया सरेंडर

**भिलाई।** दुर्ग जिले के धमधा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा का संचालन के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लगातार दबिश और गिरफ्तारी के दबाव के चलते दोनों आरोपियों ने खुद ही आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। धमधा पुलिस के अनुसार ऑनलाइन सट्टा संचालन को लेकर धारा 7(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।


### हर महीने सामने आ रहे डॉग बाइट के मामले, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा शिकार

## जिले में आवारा कुत्तों का आतंक, हर साल 15 सौ से अधिक लोग हो रहे शिकार, शेल्टर होम की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर सहित अंचल में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में हर महीने कुत्तों के काटने के 12 से 15 मामले सामने आते हैं। वहीं शहर के सार्वजनिक स्थलों पर कुत्तों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे राहगीरों में भय का माहौल है। कुत्तों के काटने के मामले हर महीने सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद शेल्टर होम की स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन जमीनी स्तर पर कहीं दिखाई नहीं दे रहा है।

शहर के स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंड, बाजार, कलेक्टोरेट कार्यालय और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में आवारा कुत्तों का झुंड आसानी से देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हिंसक और आक्रामक कुत्तों को पकड़कर केवल बधियाकरण किया जाता है और बाद में उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि यदि शेल्टर होम की व्यवस्था होती तो लोगों को राहत मिल सकती थी।




**रात में बढ़ जाता है खतरा**
रात के समय शहर की सड़कों पर आवारा कुत्तों का आतंक और बढ़ जाता है। खासकर देर रात काम से लौटने वाले लोग, बाइक और साइकिल सवार तथा इमरजेंसी में घर से निकलने वाले नागरिक इन कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं। कई बार कुत्तों का झुंड अचानक राहगीरों पर हमला कर देता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

#### बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित

जानकारी के अनुसार जिले में हर महीने कुत्तों के काटने के 12 से 15 मामले सामने आते हैं, जबकि बारिश के मौसम में यह संख्या सौ के पार पहुंच जाती है। इनमें सबसे अधिक बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित होते हैं। अनुमान है कि पूरे वर्ष में करीब डेढ़ हजार लोग डॉग बाइट का शिकार हो जाते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को हटाकर सुरक्षित शेल्टर होम में रखा जाए तथा स्कूलों और रिहायशी इलाकों में विशेष निगरानी की जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## टिपनी के डेरे से राजस्थान निवासी बुजुर्ग लापता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खम्हरिया

■ 11000 की नगद राशि ईनाम की घोषणा

राजस्थान के नागौर जिले के मेड़ता सिटी का रहने वाले 55 वर्षीय बुजुर्ग बाबूराम जाट पिता भीखाराम जाट नामक व्यक्ति थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम टिपनी के डेरे से 5 मई मंगलवार से लापता होने का मामला सामने आया है उसकी दिमागी हालत ठीक नही होना बताया जा रहा है।

परिजनो ने थाना थान खम्हरिया मे गुमशूदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है तथा उचित पता बताने वालो को 11000 की नगद राशि बतौर ईनाम देने की भी घोषणा की है।गुम इंशान बाबूराम जाट राजस्थान से अपने परिजनो के साथ ऊंट,भेड़ व बकरी चराकर जीवनयापन करने छत्तीसगढ आया हुआ था अभी उनके परिजनो का डेरा ग्राम टिपनी मे ही लगा हुआ है। गौरततलब है कि गुमसुदा इंशान के पुत्र रमेश जाट ने 7 मई को थाना थान खम्हरिया मे रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता बाबूराम जाट(55) समीपस्थ ग्राम टिपनी मे लगे डेरे से 5 मई सुबह 6 बजे से लापता हो गया है दो दिन तक विभिन्न ग्रामो मे लगे स्वजातीय बंधुओ के डेरे मे पतासाजी किया गया मगर कुछ पता नही चलने पर उन्होने पुलिस को सूचना देना मूनासीब समझा।प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता की दिमागी हालत ठीक नही है वह परीजनो के साथ मूलतः ऊंट,भेड़ व बकरी चराने का कार्य करता था।इन दिनो गुजरात के भूज व कच्छ तथा राजस्थान के रहने वाले लोग विभिन्न ईलाको से थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे अपनी जिविका चलाने विभिन्न ग्रामो के खेतो मे डेरा लगाए हुए है। ▸▸| शेष पेज 11 पर

## डायल 112 गाड़ियों को डीआईजी ने दिखाई हरी झंडी




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ अब और भी तेज होगी पुलिस की मदद

जिले में आम नागरिकों को आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डायल-112 सेवा को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस कार्यालय बेमेतरा से नई अत्याधुनिक ईआरव्ही (इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल) वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान डीआईजी रामकृष्ण साहू ने डायल-112 के माध्यम से प्राप्त होने वाले आपातकालीन कॉल पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रिस्पॉन्स टाइम पर विशेष ध्यान देने, घटनास्थल पर शीघ्र पहुंच सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों को बेहतर पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही ड्यूटी के दौरान सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव ने कहा कि आपातकालीन कॉल पर तत्काल प्रतिक्रिया देना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने, जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा सतर्कता बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। पुलिस विभाग द्वारा शुरू की गई नई ईआरव्ही वाहन अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस है। इनमें जीपीएस सिस्टम, वायरलेस कम्युनिकेशन, डिजिटल नेविगेशन तथा लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन तकनीकों के माध्यम से डायल-112 टीम घटनास्थल तक तेजी से पहुंच सकेगी, जिससे आम नागरिकों को त्वरित और प्रभावी सहायता मिल पाएगी।

#### इन स्थितियों में मिलेगी संजीवनी

जिले में डायल-112 सेवा के प्रभावी संचालन से सड़क दुर्घटना, घरेलू विवाद, आपराधिक घटनाओं एवं अन्य आपात परिस्थितियों में पुलिस सहायता पहले से अधिक तेज और बेहतर तरीके से उपलब्ध हो सकेगी। पुलिस विभाग का मानना है कि इस पहल से आमजन में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, मुख्य लिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओंम विश्वकर्मा, स्टेनो संतोष सोनवानी, उप निरीक्षक (अ) प्रदीप देशमुख, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला, डायल-112 प्रभारी सहायक उप निरीक्षक विष्णु सप्रे, आरक्षक राजेन्द्र जायसवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

#### चोरों का आतंक, एक महीने में 70 वाहन चोरी

**भिलाई।** दुर्ग जिले में इन दिनों वाहन चोरों का गिरोह बेलगाम होता नजर आ रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बाइक चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। हालात ऐसे हैं कि लोग घर, बाजार, अस्पताल और ऑफिस के बाहर वाहन खड़ा करने से भी डरने लगे हैं। पिछले 4 अप्रैल से 4 मई के भीतर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से करीब 70 दुपहिया वाहन चोरी होने की शिकायत पुलिस तक पहुंची है। आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा वाहन चोरी की घटनाएं भिलाई छावनी और भिलाई नगर क्षेत्र में सामने आई हैं। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र में 10 और भिलाई नगर थाना क्षेत्र में 9 बाइक चोरी हुई हैं। वहीं सुपेला थाना क्षेत्र में 8, भिलाई तीन में 6 और पुलगांव व उतई थाना क्षेत्र में 5-5 वाहन चोरी की शिकायत दर्ज हुई है।








# धमधा नाका से रायपुर नाका और जुनवानी रोड तक मिलेगी बाइपास सड़क, 6.72 करोड़ से होगा चौड़ीकरण और रिनोवेशन

## नगरोत्थान योजना से मिली मंजूरी

पटरीपार से भिलाई और रायपुर के लिए लोगों को शहर की तरफ से आवाजाही की जरूरत नहीं होगी। उन्हें धमधा नाका से आदित्य नगर होते हुए कातुलबोड़ और रायपुर नाका के लिए चौड़ी सड़क मिलेगी। इसके लिए 6.72 करोड़ रुपए की कार्ययोजना तैयार की गई है। शासन से इस चौड़ी सड़क के लिए स्वीकृति भी मिल गई है। निगम ने इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। धमधा नाका से यह सड़क जल कमल कलश होते हुए आदित्य नगर चौक और आगे सिंधिया नगर चौक तक आएगी, जहां से यह दो रास्तों में डायवर्ट होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

एक सड़क हनुमान नगर होते हुए कातुलबोड़ की तरफ सीधे जुनवानी रोड से मिलेगी। वहीं दूसरी सड़क सिंधिया नगर होते हुए सीधे रायपुर नाका से जुड़ेगी। इस सड़क के बनने से राजीव गांधी सेतु पर सहित शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं लोगों को सीधे सड़क मिल सकेगी। यह सड़क चंडी मंदिर से गया नगर, उरला होते हुए धमधा नाका से आगे आदित्य नगर होते हुए रायपुर नाका और भिलाई की तरफ आवाजाही के लिए बाइपास की तरह इस्तेमाल की जा सकेगी। बता दें कि इस मार्ग के एक हिस्से में आदित्य नगर चौक से करीब 300 मीटर की दूरी पर एक सकरा रास्ता है, इस रास्ते को वन वे करने पर भी विचार किया जा रहा है। साथ ही सड़क का चौड़ीकरण करने की तैयारी है, ताकी भारी वाहनों की आवाजाही भी हो सके। इसके लिए बिजली पोल शिफ्ट करने के साथ पेड़ों को भी हटाने की तैयारी है।

**धमधा नाका से आदित्य नगर होकर रायपुर नाका, कातुलबोड़ होकर जुनवानी की तरफ आवाजाही होगी आसान**

### नगरोत्थान योजना में शामिल कर ली गई स्वीकृति

महापौर अल्का बाघमार ने नगरोत्थान योजना में इस कार्य को शामिल कराया। निविदा समिति की 30 मार्च 2026 को हुई बैठक में इसस प्रस्ताव को रखा गया, इसकी स्वीकृति ली गई। मेसर्स छत्तीसगढ़ कंस्ट्रक्शन के न्यूनतम दर 13.14 प्रतिशत कम एसओआर के साथ मंजूरी दी गई। 6,72,29,640 में यह कार्य होना है। महापौर परिषद की बैठक में इसे पारित किया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक जल्द ही काम शुरू होना है। जानकारी के मुताबिक करीब 12 महीने में इस काम को पूरा किया जाना है। करीब दो किलोमीटर लंबी इस सड़क के बनने से लोगों को आवाजाही में आसानी होगी।

### 500 मीटर तक डामरीकरण इसके बाद कांक्रीटीकरण

अधिकारियों ने बताया कि धमधा नाका से आदित्य नगर तक करीब 500 मीटर सड़क का चौड़ीकरण और डामरीकरण किया जाएगा। इसके बाद आगे की सड़क का कांक्रीटीकरण किया जाएगा। कातुलबोड़ की तरफ सड़क का कांक्रीटीकरण होना है। इसके अलावा बड़ी संख्या में बिजली पोल शिफ्ट किए जाएंगे। पेड़ों को हटाकर दूसरी जगह स्थापित किया जाएगा। चौड़ीकरण को लेकर छोटे-मोटे अतिक्रमण भी हटाए जाएंगे। ड्रेनेज सिस्टम को भी दुरुस्त किया जाएगा, ताकि बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति न बने। वर्तमान में बने फुटपाथ को भी तोड़ने की तैयारी है, ताकि सड़क के लिए ज्यादा जगह मिल सके।



### महापौर के प्रयासों से मिली मंजूरी

महापौर अल्का बाघमार के प्रयासों से इस कार्य को मंजूरी मिली है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। आवाजाही में होने वाली परेशानी कम होगी। सड़क का चौड़ीकरण और उन्नयन होगा। जल्द ही काम शुरू होना है।

**अरुण सिंह**, पूर्व पार्षद हनुमान नगर दुर्ग

---

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय लोक अदालत कल,समझौते से प्रकरणों का होगा निराकरण



दुर्ग। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 9 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ-साथ विभिन्न प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत आम नागरिकों को सरल, सुलभ, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण न्याय प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिसमें पक्षकार आपसी संवाद एवं सहमति के आधार पर अपने विवादों का समाधान कर सकते हैं। लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों में न्यायालय शुल्क की वापसी, समय एवं धन की बचत तथा पारस्परिक संबंधों की पुनर्स्थापना जैसे अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। मध्यस्थता केन्द्र दुर्ग में भी विशेष रूप से मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रयास किए जाएंगे। मध्यस्थता की प्रक्रिया में पक्षकार स्वयं समाधान का मार्ग निर्धारित करते हैं, जिससे विवादों का शांतिपूर्ण एवं स्थायी निराकरण संभव हो पाता है। न्यायालय से संबंधित सिविल, आपराधिक, वैवाहिक, पारिवारिक, बैंकिंग, चेक अनादरण, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम, विद्युत एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किए जाने हेतु पक्षकारों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय में 21, 22 एवं 23 अगस्त को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के संबंध में जिला दुर्ग से संबंधित चिन्हांकित प्रकरणों में भी पक्षकारों को नोटिस जारी कर आहूत किया गया है। इन प्रकरणों में भी आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के माध्यम से विवादों के निराकरण की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएंगे, जिससे पक्षकारों को दीर्घकालिक न्यायिक प्रक्रिया से राहत प्राप्त हो सके।

---

## प्रशासन से चर्चा के बाद भवन को 8 मई की सुबह खोलने की सहमति के बाद हटे प्रदर्शनकारी

# केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के निर्वाचन को लेकर बवाल, 4 घंटे तक सड़क पर प्रदर्शन, जीई रोड रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग





केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के निर्वाचन को लेकर मचे बवाल के बाद एक पक्ष ने गुरुवार को कलेक्टोरेट में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी और रैली निकाली गई। पुतला दहन किया गया। सिविल लाइन स्थित कचना धुरवा देवालय को खोलने की मांग को लेकर जीई रोड स्थित पटेल चौक पर करीब 4 घंटे तक प्रदर्शन किया गया। तीन घंटे से ज्यादा समय चक्काजाम कर दिया गया, जिसकी वजह से पटेल चौक के आसपास वाहनों का लंबा जाम लग गया।

लोगों को आवाजाही में खासी मशक्कत करनी पड़ी। शाम करीब 7 बजे प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में गोड महसभा के प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा की। चर्चा के बाद देवालय को खोलने और निर्वाचन को लेकर नियमतः प्रक्रिया किए जाने के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी मौके से हटे। जानकारी के मुताबिक प्रदर्शन के दौरान 1 हजार से ज्यादा लोग पटेल चौक में जुटे। ये लोग बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, धमतरी सहित अन्य जिलों से यहां पहुंचे थे। बता दें कि पिछले करीब चार महीने से केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के निर्वाचन को लेकर बवाल मचा हुआ है। दो पक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। मामले छत्तीसगढ़ फर्म एवं सोसाइटी न्यायालय में लंबित है। इस बीच देवालय को प्रशासन के निर्देश के बाद से बंद कर दिया गया है। इसके विरोध में ही गुरुवार को प्रदर्शन किया गया।

### आखिर क्या है विवाद

जानकारी के मुताबिक 10 सितंबर 2025 में हुए चुनाव के बाद कमलेश ध्रुव निर्वाचित हुए थे। उन्होंने तत्कालीन अध्यक्ष एमडी ठाकुर को हराया था। इसे एमएडी ठाकुर ने चुनौती दी। पूरे चुनावी प्रक्रिया की 28 अक्टूबर 2025 को पंजीयन फॉर्म्स एवं संस्थाएं से शिकायत की गई। आरोप लगाया कि फर्जी तरीके से मतदान कराया गया। फर्जी मतदाताओं ने वोट डाले। इसके बााद फर्म एवं सोसाइटी ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया और नए सिरे से नियमतः चुनाव कराने के निर्देश दिए गए। 17 फरवरी 2026 के उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाले कमलेश ध्रुव की याचिका को उपसचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निरस्त कर दिया। साथ ही न्यायालय ने 12 अक्टूबर 2025 के चुनाव को निरस्त करने एवं नया चुनाव करने संबंधी पंजीयन फॉर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ द्वारा 8 जनवरी 2026 को दिए आदेश को यथावत रखा। उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने 17 अप्रैल 2026 को जारी किए अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि पंजीयन फॉर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ के पारित आदेश 8 जनवरी 2026 के पालन में महासभा द्वारा पुनः 17 फरवरी 2026 को मतदान प्रणाली धारा से चुनाव संपन्न करा कर धारा 27 के तहत फॉर्म्स एवं संस्थाएं में जानकारियां ऑनलाइन जमा की गई है। 8 जनवरी 2026 को पारित आदेश को यथावत रखा गया।

### निर्वाचन को लेकर दोनों पक्षों में अब भी गतिरोध बरकरार

इस पूरे मामले में दोनों पक्षों को बीच गतिरोध बरकरार है। शिकायत पर जांच उपरांत फॉर्म्स एवं संस्थाएं द्वारा 8 जनवरी 2026 को आदेश आया। जिसमें चुनाव को निरस्त कर वैध सदस्यों के बीच नया चुनाव करने के आदेश दिए गए। इसके उपरांत महासभा द्वारा वैध मतदाताओं की सूची का फॉर्म्स एवं संस्थाएं से अनुमोदन कराया गया और 17 फरवरी 2026 को नया चुनाव कराया गया। इस चुनाव में एमडी ठाकुर महासभा के अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। एमडी ठाकुर के दोबारा अध्यक्ष निर्वाचन होने के खिलाफ कमलेश ध्रुव द्वारा फार्म्स एवं संस्थाएं में स्टे के लिए याचिका दायर की गई थी। इस याचिका के संबंध में न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना और अपने 17 अप्रैल 2026 को जारी आदेश में कमलेश ध्रुव की याचिका खारिज कर दी गई। इसके अलावा उपजे विवाद को देखते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर सिविल लाईन स्थित कचना धुरवा देवालय में ताला लगा दिया गया। इसे लेकर समाज के लोग आहत हुए। उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया।

#### घेराव और प्रदर्शन से गोंड महासभा का लेना-देना नहीं



केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ का घेरवा व प्रदर्शन से कोई लेनादेना नहीं है। महासभा के कोई पदाधिकारी इसमें शामिल नहीं हैं। वे केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ संगठन पंजीयन क्रमांक-332 के नाम का दुरुपयोग कर समाज के लोगों में भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे है। महासभा ऐसे तत्वों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इनके खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस विभाग से कानूनी कार्रवाई करने महासभा द्वारा कदम उठाए जाएंगे। इसे लेकर प्रशासन को पहले ही वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। मामले में फर्म एवं सोसाइटी ने अपना आदेश पारित कर दिया है।

**-एमडी ठाकुर,**
अध्यक्ष केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़

#### प्रशासन से चर्चा के बाद प्रदर्शन को किया गया समाप्त



प्रशासन से चर्चा के बाद प्रदर्शन को समाप्त किया गया है। प्रशासन ने देवालय को खोलने का निर्णय लिया है। निर्वाचन को लेकर मामला फर्म एवं सोसाइटी में लंबित है। हमने विधिवत चुनाव में अध्यक्ष का पद जीता है। अब कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आ रहा। उन्होंने अपनी बात न्यायालय में बात रखी है। एमडी ठाकुर को डर है कि सामाजिक भवन उनके न छिन जाए। हम चाहते है सभी लोगों को भवन का लाभ मिले। समाज की भावनाओं के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

**-कमलेश ध्रुव,**
अध्यक्ष केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़

**3 घंटे से ज्यादा समय तक जाम, लोग हुए परेशान :** प्रदर्शन और चक्काजाम के कारण लोग खासे परेशान हुए। पुरानी गंजमंडी, महावीर कॉलोनी, खंडेलवाल कॉलोनी, शनिचरी बाजार, सत्ता चौरा, तहसील कार्यालय, पुराना बस स्टैंड, पचरीपारा, बस स्टैंड, हिंदी भवन सहित आसपास के क्षेत्रों में वाहनों की लंबी कतारें लगी। जीई रोड से राजनांदगांव की तरफ से आने वाले वाहनों को रोक दिया गया। यात्री बसें फंसी रही। वहीं दोपहिया वाहन पूरे समय बाजार क्षेत्र में रेंगते रहे। ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए कोई भी पुलिस जवान मौके पर नजर नहीं आया। पुलिस की तैनाती जीई रोड, पटेल चौक के आसपास ही रही, इसके कारण लोगों को परेशानी हुई।

---

## रोजगार दिवस पर जल संरक्षण पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसे शासन के निर्देशानुसार चावल महोत्सव और आवास दिवस के साथ संयुक्त रूप से एक महाअभियान के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास, रोजगार, आवास और जल संरक्षण से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे ग्रामीणों एवं श्रमिकों तक पहुँचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण करना था। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि मनरेगा के तहत जिले में मांग आधारित रोजगार निरंतर उपलब्ध कराया जा रहा है और वर्तमान में जिले के 866 प्रगतिरत निर्माण कार्यों में कुल 37,146 मजदूर कार्यरत हैं, जिनमें धमधा विकासखंड में 15,872, पाटन में 11,390 तथा दुर्ग विकासखंड में 9,884 श्रमिक प्रतिदिन कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025-26 के लिए जिले को प्राप्त 18,48,633 मानव दिवस सृजन के लक्ष्य के विरुद्ध 18,59,532 मानव दिवस सृजित कर 100.59 प्रतिशत की शानदार उपलब्धि हासिल की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भी जिले में 7,70,009 मानव दिवस सृजित किए गए हैं और स्वीकृत आवासों को 90 दिनों की समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु विशेष कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है, साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों को उनके बैंक खातों में अंतरित की गई राशि की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। जल संरक्षण की दिशा में मोर गांव-मोर पानी एवं नवा तरिया-आय के जरिया अभियान के तहत अब तक जिले में 130 अमृत सरोवर पूर्ण किए जा चुके हैं, जिनमें धमधा में 50, दुर्ग में 36 एवं पाटन में 37 सरोवर शामिल हैं, इसके अलावा 15 नए तालाब निर्माण प्रस्तावित हैं और आजीविका डबरी के 30 स्वीकृत कार्यों पर भी प्रगति जारी है। इस महाअभियान के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति की गई।

---

## एवन बार में हुई मारपीट, अपराध दर्ज

दुर्ग। स्टेशन रोड दुर्ग स्थित एवन बार में मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मोहन नगर थाना पुलिस ने धारा 115(2), 296 और 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार एवन बार संचालक नीरज नारायणी ने पुलिस को बताया कि 6 मई रात्रि करीब 11 बजे दीपक नगर निवासी कुनाल बार में स्टाफ के साथ गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर कुनाल ने बार के बाहर पड़े डंडे से जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। मारपीट से हाथ में चोट आया है।

## स्कूल में चोरी, सीसीटीवी और कम्प्यूटर पार

भिलाई। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लिमतरा में चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर ने स्कूल का ताला तोड़ अंदर रखे डीवीआर, दो कैमरा सहित कम्प्युटर सेटअप को पार कर दिया। कुम्हारी थाना पुलिस ने 305(ए) और 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। लिमतरा स्कूल के व्याख्याता अश्वनी कुमार कुर्रे ने पुलिस को बताया कि वे 4 मई को स्कूल गए थे और दोपहर 12 बजे विद्यालय बंद होने के बाद घर आ गए। गुरुवार सुबह 8 बजे विद्यालय में साफ सफाई के लिए स्कूल पहुंची उर्मिला धीवर चैनल गेट को खोलकर अंदर कमरे में गई तो कमरे का ताला टूटा मिला। सूचना पर स्कूल पहुंचे तो देखा कि प्राचार्य कक्ष का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखे सामान अस्त ब्यस्त पड़े थे। कमरा कें अंदर एक डीवीआर, दो कैमरा किमती 10000 रुपए गायब था। कार्यालय कक्ष का ताला भी टूटा हुआ था। अंदर रखे एक कम्प्यूटर सेटअप किमती 20000 रुपए को कोई अज्ञात चोरी कर ले गया।

## तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से मारी ठोकर, ट्रक से जा भिड़ी पुलिस की कार, बाल-बाल बचे आरक्षक

भिलाई। रायपुर से दुर्ग आ रही पुलिस वाहन को हनुमान मंदिर के आगे चरोदा में एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से ठोकर मार दी। इससे पुलिस वाहन सामने खड़ी ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने कार चालक डॉ. बसंत साहू के खिलाफ मोटरयान अधिनियम 184 और बीएनएस की धारा 281 का अपराध दर्ज किया है। अंडा थाना के आरक्षक योगेश कुमार श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 मई को शासकीय कार्य से वाहन महेन्द्रा केम्पर क्रमांक सीजी 03 8325 से आरक्षक महावीर जायसवाल के साथ लाखे नगर रायपुर गया था। वापस आते समय रात्रि लगभग 10.40 बजे चरोदा हनुमान मंदिर के आगे पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे स्वीफट डीजायर क्रमांक सीजी 08 एसी 4450 का चालक डॉ. बसंत साहू अपने वाहन को तेज और लापरवाही पूर्वक खतरनाक ठंग से चलाते हुए शासकीय वाहन को पीछे से ठोकर मार दी। इससे शासकीय वाहन सामने खड़े ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया।

---

**साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली एवं पाइपलाइन विस्तार कार्यों पर विस्तृत चर्चा**

# बिना बिल्डिंग परमिशन नहीं मिलेंगे नल कनेक्शन, बहते सार्वजनिक नल होंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 51 से 60 तक की समस्याओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा के लिए महापौर अलका बाघमार ने गुरुवार की शाम डाटा सेंटर में बैठक आयोजित की। बैठक में संबंधित विभागों के एमआईसी सदस्यों, पार्षदों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में शहर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान महापौर ने वार्ड क्रमांक 51 से 60 तक के पार्षदों से बारी-बारी क्षेत्रीय समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, सुलभ शौचालयों की मरम्मत, सड़क एवं नाली निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, पाइपलाइन लीकेज, बोर रिपेयरिंग, बोरिंग तथा प्रकाश व्यवस्था से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिना बिल्डिंग परमिशन एवं बीसीसी के किसी भी नए नल कनेक्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर घरों में निजी नल कनेक्शन होने के बावजूद सार्वजनिक नल चालू हैं, जिससे अनावश्यक रूप से पानी की बर्बादी हो रही है। ऐसे सार्वजनिक नलों को चिन्हित कर बंद करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।महापौर ने कहा कि शहर क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल, काशीराम कोसरे, शशि साहू, पार्षद सजान जोसफ, नीरा खिचरिया, रेशमा सोनकर, ललित ढीमर, सविता साहू, हिरौनंदी चंदानिया, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, प्रकाश चंद थवानी, मो. सलीम सिद्दीकी, राजेन्द्र ढबाले, सुरेश केवलानी आदि मौजूद थे।

---

**सिंधी समाज की पहल, शिविर में हितग्राहियों को पिलाई ठंडी लस्सी**

**कातुल बोर्ड में 383 आवेदन आए, 23 का मौके पर ही निराकरण**

# सुशासन तिहार शिविर में मिला तत्काल समाधान मौके पर मिला लर्निंग लाइसेंस और राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



सुशासन तिहार-2026 के तहत कातुलबोर्ड प्राथमिक शाला वार्ड 60 में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 383 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 23 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। हितग्राही अमित भगत ने दोपहिया वाहन चलाने हेतु लर्निंग ड्रायविंग लाइसेंस के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं सरिता श्रीवास्तव एवं रमेश शर्मा ने राशन कार्ड हेतु आवेदन दिया। विभागीय अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच उपरांत अमित भगत को लर्निंग लाइसेंस तथा सरिता श्रीवास्तव एवं रमेश शर्मा को नया राशन कार्ड शिविर स्थल पर ही प्रदान किया गया। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अपने करकमलों से हितग्राहियों को दस्तावेज सौंपे। हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सोचा भी नहीं था कि शिविर में ही उन्हें लर्निंग लाइसेंस एवं राशन कार्ड मिल जाएगा। उन्होंने शासन एवं प्रशासन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिविर में लगे 27 विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की जानकारी ली। महापौर ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। शिविर में सिंधी समाज युवा विंग द्वारा सराहनीय पहल करते हुए आवेदन लेकर पहुंचे हितग्राहियों को ठंडी लस्सी पिलाकर गर्मी से राहत प्रदान की गई।

# जिले के 1.32 लाख किसानों को मिलेगा बिना ब्याज के अब 70% नगदी ऋण

## इस खरीफ फसल सीजन में 458 करोड़ रुपए किसानों को ऋण के रूप में बांटने का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले के 1.32 लाख किसानों को खरीफ फसल सीजन में इस बार किसानों को नगद ऋण ज्यादा मिलेगा। नगद ऋण 70 प्रतिशत और 30 प्रतिशत की खाद, बीज, दवाएं जैसे सामान दी जाएगी। पिछले सीजन में नगद ऋण 60 प्रतिशत और सामान 60 प्रतिशत दी जा रही थी।

नगद ऋण बढ़ने से किसानों को अधिक लाभ पहुंचेगा। इसलिए कि किसान इस राशि को अपने हिसाब से खेती-किसानी के लिए खर्च कर सकेंगे। ऋण की इस राशि पर ब्याज नहीं लगेगा। यानी जीरो प्रतिशत ब्याज पर किसानों को यह सुविधा मिलेगी।

### दुर्ग जिले में 458 करोड़ रुपए लोन बंटेंगे

दुर्ग जिले के किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के माध्यम से ऋण का वितरण किया जाता है। इसके अंतर्गत 87 प्राथमिक कृषि साख सोसायटी हैं। इन सोसायटियों में किसानों को लोन, खाद, बीज और दवाओं का वितरण किया जाता है। इस खरीफ फसल के लिए दुर्ग जिले में 458 करोड़ रुपए का ऋण वितरण करने का टारगेट लिया गया है। जो पिछले साल यानी वर्ष 2025 से अधिक है। पिछले साल वर्ष 2025 में 413 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किसानों को किया गया था। इस बार 45 करोड़ ज्यादा ऋण बांटे जाएंगे।

### 85 करोड़ ऋण वितरण कर चुके किसानों को

जिले में नगद ऋण वितरण भी सोसायटियों के माध्यम से शुरू कर दिया गया है। अब तक 85 करोड़ ऋण का वितरण किसानों को हो चुका है। इन किसानों को नगद ऋण के साथ ही खाद, बीज का वितरण भी शुरू कर दिया गया है। खरीफ वर्ष 2026 के लिए जिले में निजी खुदरा विक्रेताओं और सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 1425 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है।

### पॉश मशीन से ही मिलेगा किसानों को अब खाद

खरीफ फसल के लिए खाद वितरण की व्यवस्था भी इस बार दुरूस्त की गई है। पॉश मशीन में किसानों का अंगूठा लगेगा। पहले किसानों को मैनुअली रजिस्टर में एंट्री कर खाद का वितरण किया जा रहा था। अब उर्वरकों का वितरण कृषकों की भूमिधारिता और फसल की वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर केवल पॉस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाएगा। सभी निजी विक्रेताओं के लिए भी यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे केवल वास्तविक किसानों को ही खाद बेचें और वितरण के समय किसान का नाम, आधार नंबर, जमीन का रकबा, फसल का नाम और उर्वरक की मात्रा का रिकॉर्ड संधारित करें।



### एक एकड़ में मिलेगा एक बोरी खाद

शासन ने खाद वितरण में भी इस बार बदलाव किया है। भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए खाद का उपयोग एक निश्चित मात्रा में ही हो पाए इस मंशा से यह परिवर्तन किया गया है। आदेश के मुताबिक एक किसान की एक एकड़ कृषि जमीन के लिए एक बोरी तक खाद देना है।

### सोसायटियों में पर्याप्त खाद

सोसायटियों में पर्याप्त खाद की व्यवस्था की गई है। पॉश मशीन के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है। भूमि की उर्वरा शक्ति के हिसाब से खाद का उपयोग किसान करें ऐसी व्यवस्था लागू की गई है।शासन ने पारदर्शिता बनाए रखने और सभी किसानों को समान रूप से खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मैदानी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**संदीप भोई,** उप संचालक कृषि

### नगद ऋण वितरण की राशि बढ़ी

किसानों को इस बार 70 प्रतिशत राशि नगद ऋण दिया जा रहा है। पिछले साल यह 60 प्रतिशत था। बिना ब्याज के यह राशि दी जा रही है। खाद, बीज व अन्य सामान भी 30 प्रतिशत के हिसाब से मिलेगी।

**सुनील कुमार वर्मा,** सीईओ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग

## खबर संक्षेप

### दरगाह समिति का गठन हैदर अली बने अध्यक्ष

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के आदेश पर हजरत बाबा सैय्यद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमत अल्लैह सरकार दरगाह समिति 118 के कमेटी का गठन किया है। नवगिठत कमेटी के अध्यक्ष हैदर अली मोहम्मद मोहसिन अली, मोहम्मद नमीरूद्दीन शेख उपाध्यक्ष, जाकिर खोखर सचिव, जमील खान सहसचिव, अब्दुल खालिक पार्षद वार्ड 8 तकियापारा कोषाध्यक्ष, एमआई फिरौजी सह कोषाध्यक्ष, कमरुद्दीन सिद्दीकी, शेख रियाजुद्दीन, दानिश परवेज, हसनपुवार, अनीम खान, इमरान खान, अहमद खान, शाहरुख खोखर कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। दरगाह आलिया में चादरपोसी कर नवगठित कमेटी ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। नवगठित दरगाह प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हैदर अली सदस्यों ने विजय बघेल सांसद, सरोज पाण्डेय, गजेंद्र यादव कैबिनेट मंत्री, अलका बाघमार महापौर, सुरेंद्र कौशिक अध्यक्ष जिला भाजपा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### निगम ने आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर की दुकान को लिया अधिपत्य में

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर अंतर्गत आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर ब्लॉक क्रमांक एफ, दुकान क्रमांक 163 के ऊपर प्रथम तल पर निर्मित दुकान को निगम प्रशासन द्वारा अपने अधिपत्य में लिया गया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि संबंधित दुकानदार को पूर्व मे नोटिस जारी किया गया था। जिसके तहत नियमानुसार निगम के अधीन लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। इस दौरान निगम अमला उपस्थित रहा तथा पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक नियमों के तहत संपन्न कराई गई। निगम प्रशासन ने कहा कि निगम संपत्तियों एवं व्यावसायिक परिसरों के संबंध में समय-समय पर जांच एवं कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

पेज 9 का शेष

### टिपनी के डेरे से ...

वे लोग परिजनो के साथ हर साल ऊंट,भेड व बकरीयो के साथ प्रदेश के विभिन्न हिस्सो के जंगलो मे अस्थाई रूप से निवास करते है तथा फसल कटने के बाद जंगल से मैदानी क्षेत्रो पलायन करते है और पशुओ को चराकर परिजनो का भरण-पोषण करते है।

## जायजा

### सेवा सहकारी समिति भरदा एवं मार्कफेड डबल लॉक केंद्र का किया औचक निरीक्षण

# खरीफ सीजन की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने शुक्रवार को साजा विकासखंड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति भरदा एवं मार्कफेड डबल लॉक केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण क्षमता, वितरण व्यवस्था, पीओएस मशीन संचालन तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर ने गोदामों में रखे उर्वरकों एवं बीजों के स्टॉक की जानकारी लेते हुए समिति प्रबंधन को निर्देशित किया कि यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित सभी प्रकार के उर्वरकों तथा प्रमाणित बीजों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि खरीफ सीजन में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कृषि कार्यों के दौरान खाद एवं बीज की मांग बढ़ जाती है, इसलिए अग्रिम भंडारण एवं सुव्यवस्थित वितरण व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की जरूरतों के अनुसार समय-समय पर स्टॉक का आकलन कर पर्याप्त मात्रा में सामग्री उपलब्ध कराई जाए।



### पीओएस मशीन से ही होगा खाद वितरण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद का वितरण केवल पीओएस मशीन के माध्यम से ही किया जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली से वितरण होने पर पारदर्शिता बनी रहती है और वास्तविक किसानों तक सामग्री पहुंचाने में आसानी होती है। खाद वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा खरीफ सीजन के दौरान सभी सहकारी समितियों एवं डबल लॉक केंद्रों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी।

### किसानों से किया सीधा संवाद

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मौजूद किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। किसानों ने खाद उपलब्धता, वितरण प्रक्रिया तथा कृषि संबंधी आवश्यकताओं को लेकर अपनी बातें रखीं। कलेक्टर ने किसानों से समय पर खाद उठाव करने की अपील करते हुए कहा कि आगामी कृषि कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए आवश्यक कृषि सामग्री समय रहते प्राप्त कर लें। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा सुश्री पिंकी मनहर, सहायक संचालक कृषि डॉ. श्याम लाल साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश धुर्वे, समिति प्रबंधक, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# दुर्ग पुलिस के दो वीडियो वायरल, कहीं चालान के बदले रिश्वत, तो कहीं आरोपी से गले मिलता दिखा कॉन्स्टेबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग जिले की पुलिस एक बार फिर सोशल मीडिया पर वायरल हुए दो वीडियो को लेकर सवालों के घेरे में आ गई है। एक वीडियो में ट्रैफिक विभाग का सब इंस्पेक्टर चालान के बदले युवक से कथित रूप से 200 रुपए लेते नजर आ रहा है, जबकि दूसरे वीडियो में वर्दीधारी कॉन्स्टेबल हत्या के प्रयास के आरोपी युवक से हाथ मिलाते और गले मिलते दिखाई दे रहा है। पहले मामले में ट्रैफिक एसआई को लाइन अटैच कर दिया गया है। वहीं दूसरे मामले में अभी जांच जारी है।

- ट्रैफिक एसआई महेश्वर देवांगन लाइन अटैच, दूसरे मामले की जांच जारी

पहला मामला दुर्ग ट्रैफिक विभाग से जुड़ा बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर महेश्वर देवांगन सड़क किनारे एक युवक से बात करते नजर आते हैं। इसी दौरान युवक उन्हें पैसे देता दिखाई देता है। वीडियो में कथित रूप से यह आवाज भी सुनाई दे रही है कि सब इंस्पेक्टर युवक से पैसे गिनने के लिए कह रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही मामला पुलिस अधिकारियों तक पहुंचा। मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक टीआई टीडी चंद्रा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर महेश्वर देवांगन को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं दूसरा वायरल वीडियो पावर हाउस रेलवे स्टेशन के सामने का बताया जा रहा है। वीडियो में दुर्ग छावनी थाना में पदस्थ कॉन्स्टेबल प्रमोद साहू एक युवक से हाथ मिलाते और गले मिलते नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि युवक खिलाफ जामुल थाना में हत्या के प्रयास यानी धारा 307 के तहत मामला दर्ज है और फिलहाल जमानत पर बाहर है और वह पहले भी जेल जा चुका है। हालांकि दूसरे वीडियो को लेकर अब तक विभाग की ओर से किसी प्रकार की आधिकारिक कार्रवाई सामने नहीं आई है। छावनी सीएसपी प्रशांत कुमार पैकरा ने बताया कि अभी जांच जारी है।

# कर्मियों को मनमाना ग्रेडिंग देने से प्रमोशन में होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने कर्मचारियों को मनमाने तरीके से ग्रेडिंग देने का विरोध किया है। साथ ही बी ग्रेड के कारण प्रमोशन रोकने के नियम पर रोक लगाने एवं कर्मचारियों को उनका ग्रेड दिखाने की मांग प्रबंधन से की है। यूनियन की हुई बैठक में मांग की गई कि विभागीय प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों को जो ग्रीडिंग दिया गया उसे उच्च प्रबंधन ने दबाव पूर्वक बदलवा रहा है । इसका बीएमएस कड़ा विरोध करेगा । भिलाई के उच्च प्रबंधन ने लगभग 25% कर्मचारियों को बी ग्रेड देने की अनिवार्यता रखी है इससे कर्मचारी का प्रमोशन तो रुकेगा ही भविष्य में उनकी नौकरी जाने का खतरा बना रहेगा ।

- बीएमएस ने किया विरोध

महामंत्री चन्ना केशवलू ने कहा कि ग्रेडिंग में बदलाव से कर्मियों को दोतरफा नुकसान होगा। इंटक के एग्रीमेंट से यह नुकसान होगा। पदोन्नति के रास्ते को रोकने वाला कदम है, जिसका भारतीय मजदूर संघ ने विरोध किया एवं इसे समाप्त करने की मांग करता रहा है। प्रबंधन यदि दबाव देकर कर्मचारियों को 'बी 'ग्रेड देता है तो भविष्य में तीन 'बी' ग्रेड पाये कर्मचारियों का प्रमोशन तो रुकेगा ही उसे कंपलसरी रिटायरमेंट के लिए भी प्रबंधन आधार बना सकता है। जल्द ग्रेड की अनिवार्यता समाप्त करे एवं एनईपीपी के कर्मचारी विरोधी नियमों को वापस ले एवं कर्मचारियों को उनका ग्रेड दिखाने की व्यवस्था किया जाये। बैठक में यूनियन के मृगेंद्र कुमार,जगजीत सिंह,संयुक्त महामन्त्री प्रदीप कुमार पाल,अनिल गजभिये,जोगेंद्र कुमार,भूपेन्द्र बंजारे सचिव गंगा राम आदि उपस्थित थे।

# हसदेव में कोल ब्लॉक मंजूरी रोकने विधायक देवेंद्र यादव ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य क्षेत्र में प्रस्तावित केंटे एक्सटेंशन कोल ब्लॉक को लेकर एक बार फिर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सलाहकार समिति को पत्र लिखकर 1742.60 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्सन प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है। यह मामला 8 मई को नई दिल्ली में होने वाली सलाहकार समिति की बैठक में रखा जाना है।

- विधायक यादव ने केंद्र की समिति को लिखा पत्र

विधायक देवेंद्र यादव ने अपने पत्र में कहा है कि हसदेव अरण्य केवल कोयले का भंडार नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की पर्यावरणीय और सांस्कृतिक धरोहर है। यहां करीब 7 लाख पेड़ों की कटाई का खतरा है, जिससे पूरे क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ सकता है। उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हसदेव को बचाने की जरूरत है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित कोल ब्लॉक का लगभग 98 प्रतिशत हिस्सा घने वन क्षेत्र में आता है। यह क्षेत्र जैव विविधता के लिहाज से बेहद संवेदनशील है, जहां हाथी, तेंदुआ और बाघ जैसे वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास मौजूद है। हसदेव अरण्य में 400 से अधिक वनस्पति और जीव प्रजातियां तथा 100 से ज्यादा पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। देवेंद्र यादव ने यह भी कहा कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र लेमरू हाथी रिजर्व के पास स्थित है। ऐसे में खनन शुरू होने पर हाथियों के आवागमन का रास्ता प्रभावित होगा और मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ सकता है। साथ ही चारनोई नदी, हसदेव नदी और बांगो बांध के जलग्रहण क्षेत्र पर भी इसका गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने अपने पत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा 26 जुलाई 2022 को पारित उस सर्वसम्मत प्रस्ताव का भी जिक्र किया, जिसमें हसदेव अरण्य क्षेत्र में आगे खनन नहीं किए जाने की बात कही गई थी।

# अवैध मोबाइल टावर लगाने पर भड़के लोग, कलेक्टर से की गई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कैम्प-2, वार्ड 35 में मोबाइल टावर लगाने को लेकर वार्डवासियों ने आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई है। आक्रोशित नागरिकों का कहना है कि जिस जर्जर मकान पर भारी-भरकम टावर खड़ा किया जा रहा है, उसकी लीज बहुत पहले खत्म हो चुकी है। यदि प्रशासन ने इस पर तुरंत रोक नहीं लगाई, तो वार्डवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह और वरिष्ठ नेता मेहरबान सिंह ने बताया कि ठाकुर रामजी नामक व्यक्ति के दो मंजिला निजी मकान पर यह टावर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस जमीन पर मकान बना है वह शासकीय लीज की भूमि है, जिसकी अवधि काफी पहले खत्म हो चुकी है। बिना वैध लीज नवीनीकरण के इतनी बड़ी व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति कैसे दी जा सकती है। जसप्रीत सिंह ने कहा कि यह दो मंजिला मकान ढांचागत रूप से बेहद कमजोर है। इस जर्जर छत पर भारी टावर खड़ा करना पूरे मोहल्ले की जान-माल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। वार्ड वासियों ने पहले भी इस संबंध में शिकायतें की थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अगर इस जर्जर इमारत पर टावर गिरने से कोई हादसा होता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी सीधे तौर पर जिला प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होने तक टावर लगाने के काम पर अविलंब रोक लगाई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जसप्रीत सिंह, मेहरबान सिंह, रऊफ अंसारी, हरचरण सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, बलविंदर सिंह सहित वार्डवासी शामिल थे।

## टीचर्स एसोसिएशन ने पूरा पेंशन के लिए सरकार से की मांग

# पेंशन निर्णय की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर किया कैविएट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिक्षा कर्मियों का शिक्षा विभाग में संविलियन होने के बाद अब उनके पेंशन की लड़ाई कोर्ट तक पहुंच गई है। प्रदेश सरकार सेवा की गणना उनकी शिक्षा विभाग में संविलियन होने को कर पेंशन दे रही है। लेकिन शिक्षक एलबी सेवा की गणना जनपद व जिला पंचायत द्वारा नियुक्त तिथि को प्रथम मानकर पेंशन देने की डिमांड कर रही है।

इसे लेकर शिक्षक एलबी का संगठन छतीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन पहले हाईकोर्ट में याचिका लगाई और अब सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर कर दिया है। किसी भी एकपक्षीय निर्णय को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में कैविएट नंबर 8484/2026 दिनांक 5/5/2026 को दाखिल की है।

### यह है पूरा मामला

यह मामला छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा वीपीएस नंबर 5699 ऑफ 2021 (दिनांक 17.02.2026) और वीए नंबर 325 ऑफ 2026 (दिनांक 23.04.2026) में दिए गए निर्णयों से संबंधित है। चूंकि राज्य सरकार या अन्य पक्ष इन फैसलों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर कर सकते हैं, इसलिए एसोसिएशन ने पहले ही अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। कैविएट दायर होने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में शिक्षकों का पक्ष सुने बिना कोई भी स्थगन आदेश या विपरीत फैसला नहीं दे सकेगा।

### हाईकोर्ट में यह हुआ है फैसला

हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता शिक्षक एलबी रमेश चंद्रवंशी , ऋषिदेव सिंह, शत्रुहन साहू, जयंत यादव, दिलीप साहू, प्रवीण श्रीवास्तव, सुधीर कुमार दुबे, वाजिद खान, देवनाथ साहू, मेघनाथ साहू, आशीष राम, सोन सिंह कश्यप, राजेश यादव, गोपी वर्मा, हेमेंद्र साहसी, राम सिंह मरापी, करण सिंह बघेल, शिव सिंह चंदेल, डॉ कृष्ण मूर्ति शर्मा,राम लाल डडसेना, दुर्गा गुप्ता, मुकेश कोरी, विक्रम सिंह, गिरधर राम साहू, किशन लाल देशमुख,मनोहर लाल गौतम, मदन साटकर सहित सैकड़ों याचिकाकर्ताओं की याचिकाओं पर सुनवाई की। जिसमें हाईकोर्ट ने कहा है संविलियन पूर्व की गई सेवा को अप्रासंगिक मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सेवा की निरंतरता, कार्य की प्रकृति, वेतन के स्रोत और प्रशासनिक नियंत्रण के साथ-साथ संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के सिद्धांतों का पालन अनिवार्य है। पेंशन कोई खैरात नहीं, बल्कि एक कल्याणकारी योजना है जिस पर कर्मचारियों का अधिकार है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है: सांसद विजय

**दुर्ग/पाटन।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन गुरुवार को जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुघवा क के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला घुघवा क में किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में 623 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 106 आवेदनों का मौके पर ही निराकृत किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। इस शिविर में पचपेडी, खम्हरिया कु, कोपेडीह, औंधी, सांकरा, उफरा, नारधी, पाहंदा अ, झीट, बटंग, घुघवा ज, रूही, अमलीडीह, जमराव, जामगांव एम, मोतीपुर, महुदा, अमेरी एवं करगा सहित आसपास के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों में आवेदन जमा किए।



खबर संक्षेप

## डेढ़ करोड़ के बने भवन से सिर्फ चार महीने में ही छत से टपक रहा पानी



**दुर्ग/निकुम।** पुलगांव में बने दिल्लीवार कूर्मि भवन निर्माण में लापरवाही की सीमा एक के बाद एक सामने आ रही है। लगभग एक करोड़ 58 लाख की लागत से बने इस भवन की छत अभी से टपकने लगी है। बारिश अभी ठीक से हुई नहीं है और हालात यह है कि छत में जगह-जगह पानी भरा हुआ है। सीढ़ी के ऊपर टावर नहीं बनाया गया है जिससे बारिश का पानी सीधे भवन के अंदर घुस रहा है। इसे लेकर समाज में जबरदस्त आक्रोश है और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग भी उठ रही है। पुलगांव में दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज द्वारा लगभग 1 करोड़ 58 लाख की लागत से भवन का निर्माण किया गया है। इस निर्माण में नींव से लेकर अंत तक जगह-जगह भ्रष्टाचार के निशान मिल रहे हैं। निर्माण में ठेकेदार द्वारा तो जमकर लापरवाही बरती ही गई है। साथ ही ऐसा लगता है जैसे इसकी देखरेख भी समाज द्वारा सही तरीके से नहीं की गई।

निधन

## अजय कुमार तिवारी



**बेमेतरा।** बेमेतरा में निवासरत मूलतः जबलपुर निवासी 53 वर्षीय अजय तिवारी का इलाज के दौरान 8 मई को बिलासपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट, वाराणसी में 9 मई को किया जाएगा। वे वर्तमान में बेमेतरा में निवासरत थे। कचनार सिटी जबलपुर निवासी अशोक कुमार तिवारी के बड़े पुत्र, अम्बरीष तिवारी के बड़े भाई एवं श्रद्धा तिवारी के पति थे।

सुशासन तिहार: शिविर में समस्याओं का निराकरण, हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : बघेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम पंचायत सेमरिया स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, बिजली, पेयजल और कृषि संबंधी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज, एसडीएम दिव्या पोटाई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। विभागीय स्टॉलों के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा योजना तथा तीन हितग्राहियों को सुकन्या समृद्धि योजना के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के अंतर्गत तीन वरिष्ठ नागरिकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। खाद्य विभाग ने पांच हितग्राहियों को नए राशन कार्ड दिए, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आठ हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम सेमरिया और भंवरदा के चार हितग्राहियों को नए आवास की चाबियां सौंपी गईं। हितग्राहियों ने पक्का मकान मिलने पर शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री बघेल ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने लोगों को अपनी समस्याएं लिखित आवेदन के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य कर रही है, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### समस्याओं के निराकरण में लापरवाही न बरते

उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। साथ ही जन समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी। कार्यक्रम में टीबी मुक्त ग्राम और जिला बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर अजय साहू, जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मैथिली शिक्षण समिति की नई कार्यकारिणी का गठन

### पुरूषोत्तम अग्रवाल बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

सरस्वती शिशु मंदिर की मातृ संस्था मैथिली शिक्षण समिति (पंजीयन क्रमांक 2372) की नई कार्य कारिणी का त्रिवर्षीय गठन सर्वसम्मति से किया गया।

नई कार्यकारिणी में पांच पदाधिकारियों सहित कुल 11 सदस्यों को शामिल किया गया है। गठित कार्यकारिणी में पुरूषोत्तम अग्रवाल को अध्यक्ष, सुरेश सिंघानिया को उपाध्यक्ष, राकेश जोशी को सचिव, पुरूषोत्तम सिंघानिया को सहसचिव तथा निखिल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोपाल कागलीवाल, देवानंद त्रिपाठी, प्रतीक सिंघानिया, अमित केडिया, प्रिंस छाजेड़ और सुषमा खण्डेलवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। निर्वाचन प्रक्रिया छत्तीसगढ़ सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के चुनाव अधिकारी राघवेन्द्र नाथ मिश्रा (विभाग प्रमुख) एवं सहायक हरिश्चंद्र साहू (विभाग समन्वयक) की उपस्थिति में संपन्न हुई। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत होकर नई कार्यकारिणी का गठन किया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष पुरूषोत्तम सिंघानिया ने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

वहीं सचिव राकेश जोशी ने विद्यालय विकास में सभी के योगदान के लिए साधुवाद ज्ञापित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुरूषोत्तम अग्रवाल ने दोबारा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर समिति के सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सभी सदस्य मिलकर विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।अंत में विद्यालय परिवार एवं समिति सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।




# बेमेतरा डाइट में 7वीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा में कक्षा 7वीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित सभी छह विषयों गणित, हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के प्रशिक्षण का शुक्रवार को विधिवत समापन हुआ। प्रशिक्षण में शामिल सभी बीआरजी को शिक्षक प्रशिक्षण संदर्शिका वितरित की गई तथा डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

समापन समारोह में डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने सभी बीआरजी को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के शिक्षक अनुभवी एवं विषय विशेषज्ञ हैं और उन्हें विश्वास है कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को वे अपने- अपने विकासखंड के शिक्षकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में नवाचारी शिक्षकों की कभी कमी नहीं रही है। इस दौरान साजा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन तथा शासकीय हाईस्कूल बोरिया, विकासखंड बेरला की व्याख्याता हेमलता साहू ने डाइट संस्थान के डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दस-दस हजार रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की। वहीं बारगांव के व्याख्याता दौलत राम साहू ने दोनों वर्षों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राध्यापकों को प्रतीक चिन्ह प्रदान करने की घोषणा की। गणित विषय के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ज्योति बनाफर ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं व्यवहारिक बनाने के उद्देश्य से यह सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी परस राम साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में लर्निंग बाय डूइंग एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मानसिक स्वास्थ्य, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा की गई। शिक्षकों को 50 घंटे के वार्षिक प्रशिक्षण की अनिवार्यता की जानकारी भी दी गई। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के चारों विकासखंड बेमेतरा, नवागढ़, साजा एवं बेरला से शिक्षकों की सहभागिता रही। इस अवसर पर सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी जी.एल. खुटियारे, सहायक प्राध्यापक उषा किरण पाण्डेय, थलज कुमार साहू, अमिंदर भारतीय सहित सभी अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्य तथा बीआरजी के रूप में मंजू साहू, योगेश कुमार साहू, तेज कुमार वर्मा, सुखचैन दास, इति चौबे, रामकुमार टंडन, बिसेन सिंह राजपूत, निर्मला सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

